/ **Saryu Roy**
MEMBER
Jharkhand Legislative Assembly
CHAIRPERSON
Committee on Subordinate Legislation

Residence :
• F-Type, Quarter No. 1, A. G. More, Doranda, Ranchi - 834002
Mob. : 9431114466
E-mail : saryuroyoffice@gmail.com
Website : www.saryuroy.in

Ref. आ.का.(न.वि.)/26/158/26 Date : 29-06-26

प्रधान सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग
झारखण्ड सरकार, राँची।

विषय : मेरे विधानसभा क्षेत्र, जमशेदपुर पश्चिमी में नगर विकास विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने के संबंध में।

महाशय,

आप अवगत हैं कि मेरे विधानसभा क्षेत्र, जमशेदपुर पश्चिमी में दो नगर निकाय अवस्थित हैं। पहला, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (अक्षेस) और दूसरा, मानगो नगर निगम। जमशेदपुर अक्षेस अंतर्गत नगर विकास विभाग की 21 योजनाएं जिला योजना समिति के द्वारा स्वीकृत हुई थी, जिनकी निविदा निष्पादित होने के उपरांत 14 मार्च, 2026 को इनका शिलान्यास हुआ, परन्तु आज तक इन योजनाओं पर काम शुरू नहीं हो पाया है। इन योजनाओं की कुल लागत 3,24,78,599/– रूपये है।

इसी तरह मानगो नगर निगम क्षेत्र में 12,99,19,117/– रूपये की 39 योजनाओं का शिलान्यास दिनांक 29 दिसम्बर, 2025 को हुआ। परन्तु इनका भी कार्य आरंभ आज तक नहीं हो पाया है। उपर्युक्त दोनों शिलान्यास कार्यक्रमों में मैं भी शामिल था। दुर्भाग्यपूर्ण है कि जनहित की जिन योजनाओं के लिए नगर विकास विभाग द्वारा निधि उपलब्ध कराया गया है और जिला योजना समिति में भी ये चयनित हुई हैं और जिनका शिलान्यास भी हो गया है, परन्तु इस पर काम नहीं होने से ये समय सीमा के भीतर पूरा नहीं हो सकेंगी और आम जनता कठिनाईयों का सामना करती रहेंगी।

मैंने कई बार मानगो नगर निगम और जमशेदपुर अक्षेस के अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कर चुका हूँ। परन्तु संवेदक नियुक्त हो जाने के बावजूद ये योजनाएं शुरू नहीं हो पायी है।

अनुरोध है कि इस विषय में आवश्यक कार्रवाई करें, इन योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें ताकि जनहित की ये योजनाएं शीघ्र पूरा की जा सके। योजनाओं की सूची साथ में संलग्न है।

सधन्यवाद,

भवदीय

(सरयू राय)